सम्पादकीय

# मनुष्य जीवन सुरक्षा ही सर्वोपरि

आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद स्थिति अभी भी जस बनी हुई है। पूरे देश से आवारा कुत्तों द्वारा रहा चलते लोगों को काटने और घायल करने की खबरें आती रही है तो वही महाराष्ट्र से इस बार एक दिल झकझोर देने वाली घटना ने सनसनी पैदा कर दी है। यहां राह चलती एक महिला को कुत्तों के झुंड ने घर कर बुरी तरह से घायल कर दिया जिनकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई। मामला महाराष्ट्र पुणे के चाकण के महालुंगे इलाके का है। मृतक महिला रात 2 बजे सड़क से घर जा रही थी। जब वाघमारे फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड पर पैदल चल रही थी, तभी तभी अचानक 5 से 6 आवारा कुत्तों ने उसे घेर लिया। कुत्तों ने महिला पर हमला कर दिया और उसे जमीन पर गिरा दिया। महिला ने खुद को बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन कुत्तों का झुंड इतना आक्रमक था कि उसने महिला को संभलने का मौका ही नहीं दिया और आखिरकार महिला ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस घटना ने साबित किया है कि सुप्रीम कोर्ट का आवारा कुत्तों को लेकर दिया गया आदेश कितना महत्वपूर्ण और लोगों के सुरक्षित जीवन से जुड़ा हुआ था। इधर पशु प्रेम के नाम पर आवारा पशुओं को संरक्षण देने वाले लोगों के लिए भी यह एक सबक है कि जिन आवारा कुत्तों को लेकर वे सोशल मीडिया और सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करते हैं उन्हें ऐसी घटनाओं से क्या कोई लेना देना नहीं है या फिर उनकी संवेदनाएं समाप्त हो चुकी है। राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट के आवारा कुत्तों के लिए दिए गए फैसले पर गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए खास तौर से ऐसे लोग जो आवारा कुत्तों को जहां–तहां भोजन देकर खुद को पशु प्रेमी बताते नहीं थक रहे है उन पर भी कार्रवाई करनी चाहिए। एक इंसान की जिंदगी से बड़ा विषय और कोई नहीं हो सकता और यदि सुनसान राहों पर अकेला चलना आवारा कुत्तों के कारण इतना ही जोखिम भरा हो चुका है तो फिर इंसान और कुत्ते, दोनों में से चुनाव करने पर निश्चित तौर पर मनुष्य के जीवन को ही सवोच्च प्राथमिकता पर रखा जाना चाहिए।

# उत्पादन, परिवर्तन और विविधीकरण

**भारत के लिए इस समस्या का समाधान करने का मार्ग कभी भी मुश्किल नहीं था। आवश्यकता थी, इसे लगातार आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की। पिछले एक दशक में, मोदी सरकार ने अपनी योजनाओं पर बने रहने का निर्णय लिया। मोदी सरकार ने खुद को आम लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया है, जो अपनी समस्याओं का समाधान चाहते थी। इसकी कार्यनीति तीन स्तंभों पर टिकी हुई थी और प्रत्येक ने सरकार से एक अलग तरह की प्रतिबद्धता की मांग की। पहले कार्यनीति घरेलू उत्पादन की थी। पेट्रोल के साथ इथेनॉल मिलाने की कार्यप्रणाली 2001 में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आरंभ हुई थी। फिर भी कई वर्षों तक, भारत ने कोई प्रगति नहीं की और इथेनॉल उत्पादन स्थिर रहा। 2014 के बाद ही व्यापक सुधारों की एक श्रृंखला के माध्यम से, भारत इस पहल की पूरी क्षमता का उपयोग करने में सक्षम हुआ। मोदी सरकार के तहत, देश ने ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए व्यापक सुधारों की एक श्रृंखला आरंभ की। इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम (ईबीपी) के तहत शुरू में 2030 के लिए पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।**

आम तौर पर, संरचनात्मक ऊर्जा परिवर्तन शायद ही कभी आरामदायक समय के दौरान होते हैं। वे तब होते हैं जब किसी संकट की लंबे समय तक अनदेखी की जाती है और उसके प्रति निष्क्रिय भाव रखा जाता है। यद्यपि, पिछले 11 वर्षों के दौरान, मोदी सरकार ने इसके विपरीत काम किया है। इसने ऊर्जा क्षेत्र में संरचनात्मक परिवर्तन किए, तब भी जब परिस्थितियां प्रतिकूल नहीं थीं। इसने भारत को वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधानों को सहन करने के प्रति अधिक क्षमता निर्माण में सक्षम बनाया। मोदी सरकार ने घरेलू उत्पादन का विस्तार करके, नए ऊर्जा स्त्रोतों में परिवर्तन का प्रबंधन करके और आपूर्ति स्त्रोतों में विविधता लाकर, अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए बाहरी झटकों का सामना करने में देश को अधिक सक्षम बना दिया है।

भारत के लिए इस समस्या का समाधान करने का मार्ग कभी भी मुश्किल नहीं था। आवश्यकता थी, इसे लगातार आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की। पिछले एक दशक में, मोदी सरकार ने अपनी योजनाओं पर बने रहने का निर्णय लिया। मोदी सरकार ने खुद को आम लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया है, जो अपनी समस्याओं का समाधान चाहते थी। इसकी कार्यनीति तीन स्तंभों पर टिकी हुई थी और प्रत्येक ने सरकार से एक अलग तरह की प्रतिबद्धता की मांग की।

पहले कार्यनीति घरेलू उत्पादन की थी। पेट्रोल के साथ इथेनॉल मिलाने की कार्यप्रणाली 2001 में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आरंभ हुई थी। फिर भी कई वर्षों तक, भारत ने कोई प्रगति नहीं की और इथेनॉल उत्पादन स्थिर रहा। 2014 के बाद ही व्यापक सुधारों की एक श्रृंखला के माध्यम से, भारत इस पहल की पूरी क्षमता का उपयोग करने में सक्षम हुआ। मोदी सरकार के तहत, देश ने ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए व्यापक सुधारों की एक श्रृंखला आरंभ की। इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम (ईबीपी) के तहत शुरू में 2030 के लिए पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

हालांकि, 2020 में, आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस लक्ष्य को 2025 तक विस्तारित कर दिया, क्योंकि इसने भू–राजनीतिक झटकों की स्थिति में ऊर्जा आयात के प्रति देश की निर्बलता को कम करने के लिए नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया। प्रयासों और नीतिगत फोकस के परिणामस्वरूप, पेट्रोल में इथेनॉल ब्लेंडिंग 2014 में 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 20 प्रतिशत हो गया, जो 11 वर्षों में 13 गुना वृद्धि है। इथेनॉल उत्पादन 2014 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर जून 2025 तक 661.1 करोड़ लीटर हो गया।

20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम अब सालाना लगभग 44 मिलियन बैरल कच्चे तेल को विस्थापित करता है।दूसरी कार्यनीति सही तरीके से ऊर्जा परिवर्तन करने से संबंधित थी। मोदी सरकार ने सभी स्तरों पर देश के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग के विकास का समर्थन किया। इसने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में शत–प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी, जिसने पिछले चार वर्षों में एफडीआई में 36 बिलियन डॉलर को आकर्षित किया है। प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण को प्रोत्साहित करने और ऑटोमोबाइल विनिर्माण क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला क्षमता का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं आरंभ की गईं। भारत में (हाइब्रिड) ईवी का फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग (फेम द्व) 2015 में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन प्रौद्योगिकी को अपनाने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च किया गया था, जिससे इस क्षेत्र का सतत विकास सुनिश्चित हो सके।

योजना के पहले चरण में, लगभग 2.78 लाख ईवी जोड़े गए, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 59 मिलियन लीटर ईंधन की बचत हुई। फेम इंडिया योजना के परिणाम और अनुभव के आधार पर, फेम का दूसरा चरण 2019 में आरंभ किया गया। हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों पर अग्रिम मूल्य में कटौती के माध्यम से उपभोक्ताओं (खरीदारों/अंतिम उपयोगकर्ताओं) को प्रोत्साहन और रियायतें प्रदान की गईं, जिससे इसे व्यापक स्तर पर अपनाने की सुविधा मिली। इस पहल ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए अधिक किफायती और सुलभ बना दिया, जिससे उन्हें अपनाने में तेजी लाने में मदद मिली। इस योजना ने 16 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर सब्सिडी दी, जिससे 42.9 मिलियन लीटर ईंधन की बचत हुई।

इसके अतिरिक्त, इस पहल के परिणामस्वरूप, 2019–20 की तुलना में 2023–24 में भारत में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में 9.7 गुना वृद्धि हुई। वर्तमान में, भारत के ईवी बाजार में 2025–2026 में तेजी देखी जा रही है, जिसकी बिक्री 2.3 मिलियन यूनिट (कुल वाहन पंजीकरण का लगभग 8 प्रतिशत) तक पहुंच गई है।

ईवी और नवीकरणीय ऊर्जा सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में इस परिवर्तन में निर्भरता से जुड़ा जोखिम भी है। खनिज निर्भरता की जगह तेल निर्भरता के लिए बदलाव से पूर्ण ऊर्जा सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती। इस निर्बलता को दूर करने के लिए, मोदी सरकार ने महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को सुरक्षित करने और भारत की महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करने के लिए 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' आरंभ किया।

तीसरी कार्यनीति, मोदी सरकार की ऊर्जा स्त्रोतों और आपूर्ति भागीदारों के विविधीकरण से जुड़ी थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बहु– संयोजन की नीति अपनाई है, जिसने भारत को अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए कई राज्यों के साथ समानांतर, गहरे संबंध विकसित करने में सक्षम बनाया है। इस कूटनीतिक लोकसंपर्क ने भारत के क्रूड सोर्सिंग बेस को एक दशक पहले के 27 देशों से बढ़ाकर आज 40 से अधिक कर दिया है।इन उपायों के महत्व को समझने का एक उपयोगी तरीका यह विचार करना है कि अगर ये कदम नहीं उठाए गए होते तो स्थिति कैसी दिख सकती थी। रूस–यूक्रेन युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास तनाव जैसी घटनाओं ने बार–बार प्रदर्शित किया है कि आपूर्ति श्रृंखलाएं कितनी जल्दी प्रभावित हो सकती हैं। उदाहरण के लिए विचार करें कि इथेनॉल ब्लेंडिंग जैसे घरेलू विकल्पों के विस्तार के बिना, जिसने 2014 के बाद पहले ही 190 मिलियन बैरल मीट्रिक टन से अधिक कच्चे तेल के आयात (और 1.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है) को प्रतिस्थापित किया है, इस तरह के झटकों के लिए भारत का जोखिम बहुत अधिक और प्रतिकूल परिणाम होता। उस परिदृश्य में (इथेनॉल ब्लेंडिंग को प्राथमिकता नहीं देने की), वैश्विक आपूर्ति व्यवधान भारतीय घरेलू आर्थिक दबाव में बहुत तेजी से परिवर्तित हो गया होता।

अगर मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में इन नीतियों को नहीं अपनाया होता, तो इस तरह के व्यवधान भारत की ऊर्जा प्रणाली में गंभीर अस्थिरता पैदा कर सकते थे, जिसके परिणाम भारत जैसी विस्तारित अर्थव्यवस्था के लिए विनाश की सीमा तक पहुंच सकते थे। इसलिए पिछले एक दशक में किए गए सुधारों ने भारत को भू–राजनीतिक अनिश्चितता के दौर में प्रवेश करने में मदद की है, जिसे हम आज अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के प्रबंधन में मजबूत बफर और अधिक लचीलेपन के साथ देख रहे हैं।

हालांकि, वे दिन जब भारत की ऊर्जा सुरक्षा बढ़ी और एक ही समुद्री चॉकपॉइंट में स्थितियों के साथ उनमें गिरावट आ गई, अब व्यतीत हो चुके है। अब किसी एक ही गलियारे में कोई भी व्यवधान एक प्रबंधित सोर्सिंग समायोजन को बढ़ावा देता है, न कि आपूर्ति आपातकाल को बढ़ाता है। चूंकि भारतीय रिफाइनरी कम्पनियां एक निर्धारित मूल स्थान से एक निश्चित स्लेट पर निर्भर नहीं करते हैं, इसलिए यह लचीलापन देश के लिए एक प्राथमिक ऊर्जा सुरक्षा संपत्ति है। जहां होर्मुज जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण चॉकपॉइंट बना हुआ है, भारत जहाजों का मार्ग फिर से बदल सकता है और अपनी रणनीति को अन्य ऊर्जा–निर्यातक देशों की तरफ स्थानांतरित कर सकता है। भारत आज एक दशक पहले की तुलना में वैश्विक ऊर्जा बाजारों में व्यवधानों को संभालने के लिए कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है। एक ऐसी दुनिया में जहां आपूर्ति श्रृंखलाएं तेजी से अनिश्चित होती जा रही हैं, ऊर्जा स्त्रोतों और साझेदारी का एक व्यापक और अधिक विविध आधार भारत की ऊर्जा आपूर्ति गतिशीलता के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षोपाय बन गया है।

# नई व्यवस्था बनने की आशाएं धूमिल

**नेपाल के एक करोड़ 90 लाख मतदाता 275 सदस्यों की प्रतिनिधि सभा को चुनने के लिए मतदान करेंगे। नेपाल की चुनाव प्रणाली के मुताबिक 165 सदस्य प्रत्यक्ष रूप से फर्स्ट पास्ट द पोस्ट सिस्टम के तहत चुने जाते हैं। बाकी 110 सीटें विभिन्न पार्टियों को उन्हें मिले मत प्रतिशत के अनुपात में आवंटित की जाती हैं। जेन–जी विद्रोह का प्रमुख कारण राजनीतिक दलों की सत्ता लिप्सा, वर्षों से जारी उनका अवसरवाद, और राजनेताओं के परिजनों की आलीशान जिंदगी थी।**

नेताओं के अवसरवाद तथा आर्थिक समस्याओं से त्रस्त नौजवानों ने कुछ नया बनाने की इच्छा के साथ तत्कालीन सरकार को उखाड़ फेंका था। लेकिन उसके बाद अब लोगों के पास जो विकल्प हैं, उनसे नई व्यवस्था बनने की आशाएं धूमिल ही हैं। पिछले साल सितंबर में हुए जेन–ज़ी विद्रोह से नेपाल में आया बदलाव कितना टिकाऊ साबित हुआ, यह गुरुवार को होने वाले मतदान के परिणाम से जाहिर होगा। नेपाल के एक करोड़ 90 लाख मतदाता 275 सदस्यों की प्रतिनिधि सभा को चुनने के लिए मतदान करेंगे। नेपाल की चुनाव प्रणाली के मुताबिक 165 सदस्य प्रत्यक्ष रूप से फर्स्ट पास्ट द पोस्ट सिस्टम के तहत चुने जाते हैं। बाकी 110 सीटें विभिन्न पार्टियों को उन्हें मिले मत प्रतिशत के अनुपात में आवंटित की जाती हैं। जेन–जी विद्रोह का प्रमुख कारण राजनीतिक दलों की सत्ता लिप्सा, वर्षों से जारी उनका अवसरवाद, और राजनेताओं के परिजनों की आलीशान जिंदगी थी।

बेरोजगारी तथा आर्थिक समस्याओं से त्रस्त नौजवानों ने कुछ नया बनाने की इच्छा के साथ तत्कालीन सरकार को हिंसक ढंग से उखाड़ फेंका। लेकिन विडंबना यह है कि उसके बाद अब लोगों के पास जो विकल्प हैं, उनसे नई व्यवस्था बनने की आशाएं धूमिल ही हैं। लोगों के सामने नए विकल्प के तौर पर उज्यालो नेपाल पार्टी अकेला नया दल है, लेकिन उसकी संभावनाएं ज्यादा उज्ज्वल नहीं मानी जा रही हैं। नयेपन का अहसास कराने वाला एक अन्य दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) है, जिसका उदय पिछले संसदीय चुनाव के समय हुआ था। रैपर और काठमांडू के बहुचर्चित मेयर बालेन शाह इसी दल में शामिल होकर प्रधानमंत्री के दावेदार के बतौर चुनाव लड़ रहे हैं, जिन्हें जेन–जी का प्रिय उम्मीदवार बताया गया है।बाकी विकल्प वही पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), नेपाली कांग्रेस, और कई कम्युनिस्ट गुटों के विलय से पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल के नेतृत्व में बनी नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी हैं। पारंपरिक समर्थन आधार और चुनाव मशीनरी के लिहाज से ये तीनों पार्टियां अभी भी मजबूती के साथ मैदान में हैं। वैसे युवाओं के समर्थन से आरएसपी जीत की ओर बढ़ सकती है। मगर यह पार्टी किसी बुनियादी परिवर्तन का माध्यम बनेगी, अपने कार्यक्रम एवं चुनाव घोषणापत्र से ऐसी कोई उम्मीद वह नहीं जगा पाई है। यानी नेपाल में किसी गुणात्मक परिवर्तन के संकेत कम ही हैं। मात्रात्मक बदलाव भी आएगा, इसकी उम्मीद बहुत बलवान नहीं है।००

## सोच प्रतिबिंबित हुई

मार्क कार्नी की सोच है कि जब बड़ी ताकतें अंतरराष्ट्रीय व्यवहार के कायदों को ठोकर मार रही हैं, मध्यम दर्जे की ताकतों को आपस में मिलकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। भारत यात्रा में उनकी ये सोच प्रतिबिंबित हुई। मार्क कार्नी की भारत यात्रा का सार है कि नए हालात के बीच भारत और कनाडा ने अपने रिश्तों में फंसे कांटे को निकाल कर आगे की दिशा तय की है। कनाडा के प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान तीन प्रमुख फैसले हुए। इसके तहत कनाडा 2.6 बिलियन डॉलर के यूरेनियम की आपूर्ति करने पर राजी हुआ है, दोनों देशों ने इस वर्ष के अंत तक व्यापक आर्थिक सहभागिता समझौते को अंतिम रूप देने का लक्ष्य तय किया है, और उन्होंने 2030 तक आपसी व्यापार को (पिछले साल के 23 बिलियन डॉलर से बढ़ा कर) 30 बिलियन डॉलर तक ले जाने का इरादा जताया है।

जिस दौर में व्यापार की पुरानी व्यवस्थाएं टूट चुकी हैं, दोनों देशों का अपने संबंध के व्यापारिक पहलुओं पर इस तरह ध्यान केंद्रित करना लाजिमी ही है। इसके पहले मार्क कार्नी अपनी यह सोच सामने रख चुके हैं कि जब बड़ी ताकतें अंतरराष्ट्रीय व्यवहार के कायदों को ठोकर मार रही हैं, तब मध्यम दर्जे की ताकतों को आपस में मिलकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। भारत यात्रा के दौरान उनकी ये सोच प्रतिबिंबित हुई। मगर ऐसे संकेत भी मिले कि कांटा निकलने के बावजूद उसके हुआ जख्म अभी पूरी तरह भरा नहीं है। कार्नी की यात्रा के दौरान ही कनाडा की खुफिया एजेंसियों ने सिख आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय अधिकारियों के कथित हाथ से संबंधित सूचनाएं फिर मीडिया को लीक कीं। उधर ये खबर भी चर्चित हुई कि कनाडा के नागरिक एक अन्य सिख चरमपंथी को उसकी जान का खतरा होने को लेकर आगाह किया गया है। इन खबरों को लेकर कनाडाई खुफिया एजेंसी के इरादों पर कूटनीतिक हलकों में कयास लगते रहे।

# केजीएफ –कांतारा वाले होम्बले फिल्म्स का बड़ा ऐलान



भारतीय सिनेमा को केजीएफ , कांतारा और सालार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाला प्रोडक्शन हाउस होम्बले फिल्म्स अब दुनिया फतह करने की तैयारी में है। अपनी जादुई कहानियों से देश का दिल जीतने के बाद, कंपनी ने अब आधिकारिक तौर पर ओवरसीज डिस्ट्रीब्यूशन (विदेशी फिल्म वितरण) के क्षेत्र में उतरने का ऐलान कर दिया है। ये कदम न केवल होम्बले की अपनी फिल्मों, बल्कि देश के अन्य फिल्म निर्माताओं के लिए भी अंतरराष्ट्रीय बाजार के दरवाजे मजबूती से खोलेगा।

केजीएफ और कांतारा जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाला प्रोडक्शन हाउस, होम्बले फिल्म्स, अब एक नई भूमिका में नजर आएगा। कंपनी ने अब खुद अंतरराष्ट्रीय वितरक बनने का फैसला किया है। वो सिर्फ अपनी ही नहीं, बल्कि भारत के अन्य फिल्म निर्माताओं की बेहतरीन और बड़ी फिल्मों को भी विदेशी बाजार तक पहुंचाने में मदद करेगा। इसका मकसद भारतीय कहानियों और संस्कृति को दुनिया के कोने–कोने तक पहुंचाना और विश्व स्तर पर एक मजबूत नेटवर्क तैयार करना।

होम्बले फिल्म्स अब भारत के अन्य छोटे–बड़े प्रोडक्शन हाउस के लिए एक पुल का काम करेगा। इसका मतलब है कि भारत के किसी भी कोने की दमदार कहानी अब दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर दिखाई देगी। विदेशों में डिस्ट्रीब्यूशन का जिम्मा खुद लेकर प्रोडक्शन कंपनी ये पक्का करना चाहती है कि भारतीय सिनेमा की गूँज दुनिया के हर शहर और हर कोने में सुनाई दे।

# पाकिस्तान ने आखिरी ओवर के दौरान लिए गए बांग्लादेश के रिव्यू को लेकर शिकायत दर्ज कराई

नईदिल्ली,बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने तीसरे वनडे में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 11 रन से हराया। इस जीत के साथ ही बांग्लादेश ने 3 मैचों की वनडे सीरीज को 2–1 से अपने नाम किया। तीसरे वनडे में पाकिस्तान की आखिरी ओवर के दौरान बांग्लादेश ने रिव्यू लिया था, जिस पर काफी विवाद भी हुआ था। इस रिव्यू को लेकर के पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शिकायत दर्ज कराई है।

आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं। यह मामला मैदानी अंपायर कुमार धर्मसेना के उस फैसले से जुड़ा था, जिसमें उन्होंने आखिरी ओवर की 5वीं गेंद पर बांग्लादेश को रिव्यू लेने की इजाजत दी थी। क्रिकबज को एक सूत्र ने बताया, पाकिस्तान टीम प्रबंधन का मानना है कि बांग्लादेश ने रिव्यू तब लिया, जब बड़ी स्क्रीन पर उस गेंद का रीप्ले दिखाया गया। इसी वजह से मैच खत्म होने के बाद टीम प्रबंधन रेफरी के पास गया और उन्हें अपनी इस बात की जानकारी दी। उस विवादित डीआरएस के बाद, कोच माइक हेसन ने मैच रेफरी नियमुर राशिद से शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि यह साफ नहीं है कि पीसीबी इस शिकायत से क्या नतीजा चाहता है। खबरों के मुताबिक, मैच रेफरी ने हेसन से मुलाकात की और उन्हें पूरी स्थिति विस्तार से समझाने की कोशिश की। राशिद ने यह भी स्पष्ट किया कि मेजबान टीम ने किसी भी तरह का कोई अनुचित फायदा नहीं उठाया। यह घटना तब हुई जब पाकिस्तान को 291 रनों का पीछा करते हुए आखिरी 2 गेंदों पर 12 रनों की जरूरत थी। रिशाद ने बल्लेबाजी कर रहे शाहीन अफरीदी के खिलाफ गेंद की जिसे धर्मसेना ने वाइड करार दिया।



# सुदीगली सुधीर की लेटेस्ट फ़िल्म ग्रेटेस्ट ऑफ़ ऑल टाइम्स की रिलीज डेट आउट



सुदीगली सुधीर की लेटेस्ट फ़िल्म जी.ओ.ए.टी (ग्रेटेस्ट ऑफ़ ऑल टाइम्स) 26 मार्च को दुनिया भर में रिलीज़ होने वाली है, जो एक एंटरटेनिंग सिनेमैटिक एक्सपीरियंस का वादा करती है। फ़िल्म में दिव्या भारती फीमेल लीड रोल में हैं, और वेदव्यास डायरेक्टर हैं। महातेजा क्रिएशन्स और जयष्णव प्रोडक्शंस के अंडर चंद्रशेखर रेड्डी मोगुल्ला द्वारा प्रोड्यूस की गई जी.ओ.ए.टी अभी पोस्ट–प्रोडक्शन स्टेज में है। इस फ़िल्म में सर्वदमन बनर्जी, नितिन प्रसन्ना, ब्रह्माजी और पृथ्वी जैसे शानदार कलाकार हैं।

लियोन जेम्स के म्यूज़िक और मणि शर्मा के बैकग्राउंड स्कोर के साथ, यह फ़िल्म एक टेक्निकल मास्टरपीस होने का वादा करती है। सिनेमैटोग्राफी रसूल एलोर ने की है, और एडिटिंग विजय मुक्तवरपु ने की है।

## एक्रोमैटोप्सिया से पीड़ित सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा शर्मा

फिल्मी दुनिया में सुपरहीरो पर आधारित कहानियां हमेशा से दर्शकों को आकर्षित करती रही हैं। इस कड़ी में अब एक ऐसी फिल्म आने वाली है, जिसमें सुपरहीरो का अंदाज बिल्कुल अलग और अनोखा होगा। अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आगामी फिल्म सुपर वेली में एक ऐसे सुपरहीरो का किरदार निभाने जा रही हैं, जो सुपरहीरो की पावर को गंभीरता से नहीं लेती। उन्होंने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है। फर्स्ट लुक के वीडियो से साफ जाहिर है कि इस फिल्म में उनका किरदार थोड़ा आलसी, अजीब और मजाकिया अंदाज वाला है। फिल्म को लेकर पहले से ही दर्शकों के बीच उत्सुकता देखी जा रही है। दरअसल, कुछ दिन पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने मजाक में कहा था कि मैं वेली हूं। आम बोलचाल की भाषा में वेली शब्द का मतलब होता है कि कोई ऐसा व्यक्ति जिसके पास करने के लिए कोई काम न हो या जो खाली बैठा हो।

# विराट कोहली ने आरसीबी की ऑल टाइम इलेवन चुनी, मोहम्मद सिराज को नहीं दी जगह

नईदिल्ली,इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 28 मार्च को होगी। आगामी संस्करण से कुछ दिन पहले दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की अपनी ऑल टाइम इलेवन चुनी है। उन्होंने अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम में पूर्व दिग्गज एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल जैसे बड़ी खिलाड़ियों को जगह दी है। हालांकि, उन्होंने सितारों से सजी इस टीम में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को नहीं चुना है। आइए उनकी टीम पर एक नजर डालते हैं।कोहली ने गेल और डिविलियर्स के अलावा अपनी टीम में केएल राहुल, रजत पाटीदार को दिनेश कार्तिक को चुना है। बता दें कि पाटीदार की कप्तानी में ही आरसीबी ने पिछले सीजन में लीग



इतिहास में पहली बार खिताब जीता था। वहीं गेंदबाजों में मिचेल स्टार्क और युजवेंद्र चहल को जगह दी है। दिग्गज स्पिनर चहल आरसीबी की ओर से खेलते हुए 100 से भी ज्यादा विकेट चटका चुके हैं।

कोहली ने अनिल कुंबले और हर्षल पटेल को भी चुना। उन्होंने पूर्व दिग्गज को टीम में लेते हुए कहा, आठवें नंबर पर अनिल भाई (कुंबले) को रखूंगा। ऐसे में यह एक जबरदस्त टीम होगी। उन्होंने आगे कहा, मैं हर्षल (पटेल) को भी टीम में चुनूंगा, क्योंकि उनमें थोड़ी–बहुत बल्लेबाजी की काबिलियत भी है। और वह तीसरे तेज गेंदबाज के तौर पर एकदम सही बैठते हैं। वह अलग–अलग फेज में गेंदबाजी करते रहे हैं।

कोहली ने अपनी ऑल टाइम इलेवन में सिराज को नहीं चुना। बता दें कि सिराज (2018–2024) आरसीबी में कोहली की कप्तानी में टीम के प्रमुख गेंदबाज हुआ करते थे। उन्होंने डेल स्टेन और मिचेल स्टार्क के रूप में 2 विदेशी तेज गेंदबाजों को जगह दी। कोहली की ऑल टाइम इलेवन– क्रिस गेल, विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, केएल राहुल, रजत पाटीदार, दिनेश कार्तिक, हर्षल पटेल, अनिल कुंबले, मिचेल स्टार्क, डेल स्टेन, और युजवेंद्र चहल।

## संक्षिप्त समाचार

### यमुनोत्री में घोड़े–खच्चरों की जांच और पंजीकरण शुरू

उत्तरकाशी। आगामी अप्रैल से शुरू होने जा रही यमुनोत्री धाम यात्रा को सुरक्षित और बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से तैयारियों का दौर जारी है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के निर्देश पर यात्रा में चलने वाले घोड़े और खच्चरों की स्वास्थ्य जांच, खुर जांच, बीमा और पंजीकरण किया जा रहा है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एचएस बिष्ट ने बताया कि 16 से 31 मार्च तक रोज दो कैंप लगाए जा रहे हैं। कैंपों में अश्वपालक अपने घोड़े–खच्चरों की जांच और पंजीकरण करा सकते हैं। बीते सोमवार को खरसाली गांव में लगे पहले कैंप में 50 से ज्यादा घोड़े–खच्चरों की जांच, बीमा और पंजीकरण किया गया। उन्होंने कहा कि इससे यात्रा के दौरान पशु स्वस्थ रहेंगे और यात्रियों को भी कोई परेशानी नहीं होगी। पशु क्रूरता पर इस बार धाम में पैनी नजर रखी जाएगा। पशु पालन विभाग की ओर से इसके लिए अश्वपालकों को पशुओं के साथ सही व्यवहार करने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। डीएम प्रशांत आर्य ने सभी अश्वपालकों से कहा है कि वे कैंप में पहुंचकर अपने पशुओं की जांच और पंजीकरण जरूर कराएं, ताकि यात्रा शुरू होने पर किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करनी पड़े।

### घरेलू पानी का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर होगी कार्रवाई

उत्तरकाशी। गर्मियों से पहले पानी की समस्या को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने साफ कहा है कि अब पानी के गलत इस्तेमाल पर सख्ती की जाएगी। कहा कि कि कई लोग घर के पानी के कनेक्शन का इस्तेमाल दुकानों या दूसरे कामों में कर रहे हैं जो नियम के खिलाफ है। ऐसे लोगों के खिलाफ अब चालान काटे जाएंगे। इसके अलावा जो लोग पाइपलाइन से सीधे मोटर लगाकर पानी खींच रहे हैं उन पर भी कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जल संस्थान व पेयजल निगम की पेयजल व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए गर्मियों में जल स्त्रोतों के सूखने और घरेलू जल कनेक्शनों के व्यावसायिक उपयोग से संभावित जल संकट के मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की। बैठक में यह भी सामने आया कि कई बड़े उपभोक्ताओं ने अभी तक पानी का बिल नहीं भरा है।जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसे लोगों से जल्द पैसा वसूला जाए और जरूरत पड़े तो कानूनी कार्रवाई भी की जाए। साथ ही बिल भरने की प्रक्रिया को आसान बनाने के निर्देश दिए गए। इनमें ज्ञानसू, गंगोरी, मोरी और पुरोला शामिल हैं। रवाड़ा क्षेत्र में आपदा से खराब हुई पानी की लाइन को ठीक करने के लिए पैसा मिल चुका है और जल्द काम शुरू होगा।

### धरासू में बिजली कर्मियों ने गेट मीटिंग कर किया प्रदर्शन

उत्तरकाशी। उत्तराखंड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को धरासू विद्युत गृह में अधिकारियों, कर्मचारियों और उपनल कर्मियों ने गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ऊर्जा निगम प्रबंधन को दिए गए 19 सूत्री मांगपत्र पर कार्रवाई न होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। संघर्ष मोर्चा ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी न हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा भागीरथी घाटी के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने जल विद्युत परियोजनाओं की भूमि को अन्य व्यावसायिक कार्यों के लिए दिए जाने और विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण संबंधी शासनादेश का कड़ा विरोध किया। उन्होंने निगम प्रबंधन पर कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप भी लगाया। गेट मीटिंग में वक्ताओं ने कहा कि यदि जल्द ही मांगों का समाधान नहीं किया गया तो पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

### सोलर लाइट खरीद की जांच की मांग

चमोली। विकासखंड में सोलर लाइट खरीद को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने जांच की मांग की। प्रधान संघ और क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधियों ने इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि विकास विभाग की ओर से 15 लाख की सोलर लाइटों की खरीद गलत तरीके से की गई है। कहा गया कि जब सदस्यों ने खंड विकास अधिकारी से जानकारी मांगी तो उन्होंने इसकी जानकारी नहीं दी। ऐसे में सरकारी धन के दुरुपयोग का संदेह है। उन्होंने मामले की जांच की मांग की। ज्ञापन में प्रधान संघ अध्यक्ष खिलाप सिंह बिष्ट, रैन ग्राम पंचायत के प्रधान कमल गड़िया, बलाण के क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रदीप दानू, घेस–हिमनी की लीला देवी आदि के हस्ताक्षर हैं।

## मुख्यमंत्री धामी ने हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व० हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्य तिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय बहुगुणा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि वे एक दूरदर्शी नेता एवं कुशल प्रशासक थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव जनहित को सर्वोपरि रखा और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया।

### वंशिका, आशीष और शीतल बने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी

उत्तरकाशी। राजकीय महाविद्यालय थत्यूड़ की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया। शिविर में वंशिका, आशीष और शीतल को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी घोषित किया गया। वहीं, राष्ट्रीय स्तर के शिविर में प्रतिभाग करने वाले स्वयंसेवी चांदनी, वैष्णवी और वंशिका को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजेंद्र लिंगवाल ने स्वयंसेवियों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी बनाए रखने और शिविर में सीखे अनुभवों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संगीता कैंतुरा ने बताया कि शिविर के दौरान स्वच्छता, जागरूकता और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस मौके पर प्रो. कंचन सिंह, डॉ. संदीप कश्यप, डॉ. रवि चंद्र, डॉ. संगीता सिदोला, डॉ. अखिल गुप्ता, डॉ. नीलम प्रहरी और डॉ. बिद्दू सिंह मौजूद रहे।

## छात्रों ने सीखें नर्सरी बेड बनाने के गुर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में नमामि गंगे इकाई एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'गंगा स्वच्छता' पखवाड़ा' कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नर्सरी बेड बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

उद्यान विभाग, थलीसैंण में कार्यरत मंगलेश्वरी देवी एवं कमला देवी ने बताया कि बताया कि नर्सरी लगाने से पहले पौध तैयार करने की संपूर्ण प्रक्रिया की समझ होना जरूरी है। एक सफल नर्सरी वही है, जिसे वैज्ञानिक मानकों, सही किस्मों के चयन और पौधों की उपयुक्त देखभाल के साथ तैयार किया जाए। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि नर्सरी लगाने से पहले मिट्टी, जलवायु, किस्मों, रोग प्रबंधन और पौध उत्पादन की तकनीक पर ठोस ज्ञान अवश्य लें। बताया कि नर्सरी बेड के लिए ऊपरी भूमि का चयन करना चाहिए, जहां पूरे दिन सूर्य की रोशनी मिले। वह भूमि मवेशियों



से सुरक्षित हो तथा वहां सिचाई की व्यवस्था हो। कहा कि नर्सरी लगाते व लगाने के बाद फल व सब्जियों में लगने वाले कीट व रोग के बारे में सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है, रोग से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह, वनस्पति विज्ञान प्रभारी डॉ. छाया सिंह, डॉ. विवेक रावत, दिव्या, किरन, हेमा, अमीषा, मनीषा, नेहा, शुभम ढौंडियाल, अनिल सिंह, तरुण सिंह गुसाईं आदि मौजूद थे।

## पंचकोसी वारुणी यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

उत्तरकाशी। पंचकोसी वारुणी यात्रा में मंगलवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। वरुणा नदी में स्नान के साथ शुरू होने वाली यात्रा वरुणावत पर्वत के ऊपर से गुजरते हुए गंगा और भागीरथी के संगम पर पूजा–अर्चना के साथ संपन्न हुई। वरुणावत पर्वत की पैदल 15 किमी परिक्रमा वाली यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं शामिल हुए।

पंचकोसी वारुणी नाम से हर वर्ष होने वाली इस यात्रा का बड़ा धार्मिक महत्व माना जाता है। कहा जाता है कियात्रा को पूर्ण करने वाले व्यक्ति को 33 कोटी देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना का पुण्य लाभ मिलता है। मंगलवार सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालुओं के जत्थे वारुणी यात्रा पर निकलने शुरू हो गए थे। करीब 15 किमी लंबी पैदल यात्रा की शुरुआत श्रद्धालुओं ने बड़ेथी संगम के निकट स्थित वरुणेश्वर महादेव मंदिर में



पूजा–अर्चना की। इसके बाद बसुंगा गांव में अखंडेश्वर, साल्ड में जगरनाथ व अष्टभुजा दुर्गा माता, ज्ञाणजा में ज्ञानेश्वर एवं व्यास कुंड, वरुणावत शीर्ष पर शिखरेश्वर व विमलेश्वर महादेव, संग्राली में कंडार देवता, पाटा में नर्वदेश्वर मंदिर में जलाभिषेक एवं पूजा–अर्चना की। वरुणावत पर्वत से उतरकर श्रद्धालुओं ने गंगोरी में असी गंगा व भागीरथी के संगम पर स्नान के बाद नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा–अर्चना एवं जलाभिषेक किया।

ग्रामीणों ने की विशेष आवभागतः वारुणी यात्रा पथ पड़ने वाले बसूंगा, साल्ड, ज्ञाणजा, संग्राली, पाटा, गंगोरी एवं लक्षेश्वर में ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं की खूब आवभाग की।

श्रद्धालुओं को चौलाई के लड्डू आलू के गुटके, चाय, बरांश का जूस आदि जलपान कराया। साथ ही ग्रामीणों ने इस यात्रा को शासन व प्रशसन से राजकीय धार्मिक यात्रा घोषित करने की मांग की। ताकी आने वाले समय में यहा यात्रा और भव्य रूप ले सके। आचार्य दिवाकर नैथानी ने बताया कि स्कंद पुराण के केदारखंड के अनुसार वरुणावत पर्वत की पैदल परिक्रमा वाली वारुणी यात्रा सच्चे मन से करने पर श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। तथा हजारों तीर्थों की यात्रा का पुण्य लाभ मिलता है।

### बढ़ते नशे और महिला अपराध के मामलों पर चिंता जताई

उत्तरकाशी। उत्तराखंड क्रांति दल के नेताओं ने जिले में बढ़ते नशे और महिला अपराध के मामलों पर चिंता जताई है। केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि उत्तरकाशी एक धार्मिक नगरी है लेकिन यहां अब शराब और नशे का असर बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को लोनिवि विश्राम गृह उत्तरकाशी में प्रेस वार्ता कर यूकेडी नेताओं ने जनपद के विभिन्न मुद्दों पर खुलकर बातचीत की। इस दौरान केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश ने कहा कि नशे को रोकने के लिए समाज और अभिभावकों को भी आगे आना होगा नहीं तो युवा पीढ़ी गलत दिशा में जा सकती है। पार्टी में अनुशासन समिति के अध्यक्ष राकेश सेमवाल ने कहा कि जिले में आई आपदाओं के बाद भी सरकार ठीक से काम नहीं कर रही है।

## गुलदार की दहशत से निजात दिलाने की मांग ,ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

पौड़ी : मुख्यालय से सटे घुड़दौड़ी क्षेत्र के बलमणा-चिवालु गांव में गुलदार की दहशत से निजात दिलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट परिसर के सामने धरना देकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यालय में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर आक्रोश जताया। धरना स्थल पर पहुंचीं संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र ही मामले का स्थायी समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।मंगलवार को गुलदार प्रभावित बलमण-चिवालु समेत जामला, ढूंगी, खड़ेत, तुंगर, दालमी समेत विभिन्न ग्राम सभाओं के प्रधानों व ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट परिसर के सामने धरना देकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि बीते 10 मार्च को बलमणा-चिवालु निवासी प्रकाश (47) को गुलदार ने मार दिया था। तब से क्षेत्र में गुलदार की दहशत बनीं हुई है। ग्रामीणों ने बच्चों के प्रभावित हो रहे पठन पाठन पर भी चिंता जताई। कहा कि अभिभावकों को डर के साये में बच्चों को स्कूल भेजना पड़ रहा है। जामला की प्रधान सपना पंवार ने बताया कि अभिभावक व प्रधानों की आपसी सहमति से गुलदार की घटना के बाद बीते तीन दिनों तक स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया गया था, लेकिन प्रशासन की ओर से क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए गए। इस मौके पर ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन भेजकर गुलदार व भालू को वन अधिनियम 1972 के अंतर्गत विशेष श्रेणी से हटाने, गुलदार व भालू के हमले से घायल को 10 लाख जबकि मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपये दिए जाने, मृतक के आश्रित को स्थायी रोजगार प्रदान करने की मांग की। इस मौके पर कलावती देवी, कल्पना रावत, सोनी देवी, उषा देवी, कविता देवी, बबीता देवी, तामेश्वर आर्य, मोहित सिंह, आस्कर रावत, अमन नयाल, भास्कर बहुगुणा, शंकर नौटियाल आदि मौजूद रहे।

## एचपीवी टीकाकरण में किशोरियां नहीं ले रही रुचि

नई टिहरी। यौन संचारित संक्रमणों से बचाव के लिए सरकार की ओर से चलाए जा रहे एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान में किशोरियां रुचि नहीं ले रही है। जिले के देवप्रयाग और जाखणीधार ब्लॉक क्षेत्र में अब तक एक भी किशोरी का टीकाकरण नहीं हो पाया है जिससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ती जा रही है। 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य यौन संचारित संक्रमणों से बचाव के लिए सरकार ने निशुल्क टीकाकरण अभियान शुरू किया है। स्वास्थ्य विभाग ने जिले में इस आयु वर्ग की कुल 5387 किशोरियां चिह्नित की है जिनमें से अब तक केवल 81 का ही टीकाकरण हो पाया है। 27 फरवरी को जिला चिकित्सालय बौराड़ी से शुरू हुए इस अभियान को करीब 20 दिन बीत चुके हैं लेकिन टीकाकरण अभियान की प्रगति संतोषजनक नहीं है। जिला चिकित्सालय बौराड़ी और चंबा ब्लॉक में 20–20, कीर्तिनगर में 15, प्रतापनगर में 8, जौनपुर में 7, नरेंद्रनगर में 5, भिलंगना में 3, थौलधार में 2 और उप जिला चिकित्सालय नरेंद्रनगर में 1 किशोरी का टीकाकरण किया गया है जबकि देवप्रयाग और जाखणीधार में एक भी टीकाकरण नहीं हुआ है। सीएमओ डॉ. श्याम विजय सिंह ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को अभियान को मिशन मोड में संचालित करने को कहा है। उनका कहना है कि टीका किशोरियों को गंभीर बीमारियों से बचाने में अहम है। बाजार में इस वैक्सीन की कीमत चार हजार रुपये से अधिक है। सरकार इसे निशुल्क उपलब्ध करा रही है।

### नरसिंह देवता मंदिर में ग्रामीणों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

नई टिहरी। प्रतापनगर ब्लॉक के ग्राम पंचायत गढ़सिनवाल और कोटवाल गांव के ग्रामीणों ने बैठक कर नरसिंह देवता मंदिर में नशा मुक्ति की शपथ ली। बैठक में शादी समारोह में शराब पिलाने वालों का सामाजिक बहिष्कार के साथ 21 हजार रुपये अर्थदंड लगाने का प्रस्ताव पारित किया। नशा मुक्त जनमोर्चा देवभूमि उत्तराखंड के संयोजक देवी सिंह पंवार और हरीश डिमरी के नेतृत्व में हुई बैठक में दोनों ग्राम सभा के ग्रामीणों ने मांगलिक कार्यक्रमों में शराब को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया। बैठक के बाद दोनों गांवों की नशा मुक्ति समिति का गठन किया गया। गढ़सिनवाल गांव की समिति में सोना देवी अध्यक्ष, बीना देवी सचिव, उषा देवी को कोषाध्यक्ष, कोटवाल गांव की समिति में विमला देवी अध्यक्ष, सीता देवी को सचिव, बबली देवी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। पंवार ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया कि गांव में शादी–समारोह व अन्य कार्यक्रमों में शराब पिलाने और ग्राम पंचायत क्षेत्र में शराब की बिक्री करने वालों का सामाजिक बहिष्कार के साथ अर्थदंड लगाया जाएगा।इस मौके पर शिवराम, अबल सिंह रावत, राजेंद्र सिंह, विवेक सिंह, निर्मला देवी, माया, कृष्णा, रेखा, सोना, जस्सी, उर्मिला, पूजा देवी आदि मौजूद रहे।

## सुराज सेवा दल ने नगर निगम में किया प्रदर्शन

देहरादून। शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं और नगर निगम की सुस्ती के खिलाफ सुराज सेवा दल ने मंगलवार नगर निगम परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नगर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और शहर की बिगड़ती सुरक्षा व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रदर्शन के दौरान सुमित अग्रवाल ने आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए लाखों रुपये का बजट स्वीकृत किया गया था, लेकिन धरातल पर अब तक कैमरे नहीं लगे हैं। यह न केवल नगर निगम की घोर लापरवाही है, बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग की ओर भी इशारा करता है। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन की निष्क्रियता के कारण आम जनता भयभीत है। प्रदर्शन के



बाद प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द सभी वार्डों में कैमरे लगाने और अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रमेश जोशी, देवेन्द्र बिष्ट, कावेरी जोशी, हिमांशु धामी, विजेंद्र, कमल धामी, राजेश थापा, लालमणि भारद्वाज, संगीता, मदन बहुगुणा और पूजा नेगी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फलपट्टी क्षेत्र में दो पंपिंग योजना के बाद भी आधा आराकोट प्यासा

नई टिहरी। चंबा–मसूरी फल पट्टी क्षेत्र के लिए करोड़ों की लागत से बनी सुरकंडा और काणाताल पंपिग पेयजल योजना आराकोट के ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा पा रही है। आधा गांव आज भी हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर है। वंचित क्षेत्र के लिए टैंक बनाकर वितरण लाइन भी पहुंचा दी गई है लेकिन आज तक उस पर एक बूंद पानी नहीं टपका। परेशान ग्रामीणों ने जलापूर्ति कराने की मांग की है। चंबा नगर पालिका क्षेत्र की सीमा पर बसे आराकोट गांव की वर्षो पुरानी पेयजल समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। काणाताल पंपिंग पेयजल योजना से जुड़े क्षेत्र के लिए सुरकंडा पंपिंग पेयजल योजना की स्वीकृति मिलने पर आराकोट के ग्रामीणों को भी पेयजल मिलने की उम्मीद थी। लेकिन योजना बनने के करीब ढ़ाई–तीन साल बाद भी पानी मिलने की आस पूरी नहीं हो पाई है। गांव के मनीष रमोला, शुभम, विपिन रावत, कर्णपाल, ध्रुव आर्य और अरविंद रावत ने डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि आराकोट में आधा गांव के 36 परिवारों के लिए ढ़ाई साल पहले टैंक बनाकर पेयजल वितरण लाइन भी बिछाई गई है। अभी तक उस पर पानी नहीं चल पाया है। गांव के लोग पास में लगाए गए हैंडपंप से पीने का पानी भरकर ले आते हैं लेकिन पशुपालन और शौचालय के लिए पानी जुटाना बड़ी चुनौती बनी है। उन्होंने टैंक से शीघ्र जलापूर्ति कराने की मांग की है।

गांव से दूर हैंडपंप किसी ने मलबे से दबा दियाः आराकोट गांव के पास लगाए गए हैंडपंप पर जब गर्मियों में पानी कम होता है तो ग्रामीण गांव से कुछ दूर दूसरे हैंडपंप से पानी भरते हैं। किसी ने वहां मलबा डंप कर दिया जिससे पूरा हैंडपंप मलबे में दब गया। इससे ग्रामीणों को गर्मियों में पानी की चिंता सताने लगी है।

### नियमों के खिलाफ बिजली लाइन अंडरग्राउंड करने की शिकायत

देहरादून। उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने झाझरा–मोहनपुर क्षेत्र में 33 केवी बिजली लाइन को नियमों के विरुद्ध भूमिगत किए जाने की शिकायत को गंभीरता से लिया है। इस मामले में जांच के आदेश जारी किए गए हैं। अधीक्षण अभियंता विजय कुमार सिंह द्वारा 25 अक्टूबर 2025 को जारी पत्र में रायपुर विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्हें 10 दिनों के भीतर पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।शिकायत में आरोप है कि राघव विहार, अलकनंदा और श्यामपुर क्षेत्र में बिजली लाइन को गलत तरीके से भूमिगत किया गया है, जिससे करीब 40 परिवारों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है और भविष्य में बड़ी दुर्घटना की आशंका है। यह मामला महासचिव उत्तराखंड पहाड़ी महासभा व जिला कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता गीता बिष्ट के ज्ञापन के बाद सामने आया।

## सीएचसी बेलेश्वर को उप जिला अस्पताल बनाने के लिए संघर्ष समिति गठित

नई टिहरी। घनसाली क्षेत्र के लोगों ने बेलेश्वर मंदिर में बैठक कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलेश्वर को उप जिला अस्पताल बनाने के लिए संघर्ष समिति का गठन किया है। अस्पताल के उच्चीकरण का शासनादेश ने होने पर समिति ने तीन अप्रैल से आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। बालगंगा सेवा निवृत्त एवं वरिष्ठ नागरिक समिति की पहल पर बेलेश्वर मंदिर में बैठक संपन्न हुई। वरिष्ठ नागरिक समिति के अध्यक्ष चंदन सिंह पोखरियाल ने बताया कि दो अप्रैल तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलेश्वर को उप जिला अस्पताल बनाने का शासनादेश जारी नहीं किया जाता है तो तीन अप्रैल से अस्पताल परिसर में समिति आंदोलन शुरू कर देगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव होने के कारण मरीजों को समुचित उपचार नहीं हो पाता है जिससे उन्हें जान गंवानी पड़ती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व में अस्पताल को उप जिला अस्पताल बनने की घोषणा की थी लेकिन अभी तक उसका जीओ जारी नहीं हो पाया है। संघर्ष समिति में नगर पंचायत चमियाला के अध्यक्ष गोविंद सिंह राणा को अध्यक्ष, प्रशांत जोशी को महासचिव, दिनेश भजनियाल को कार्यकारी अध्यक्ष, सूरत सिंह रावत कोषाध्यक्ष, आशीष जोशी संरक्षक, विक्रम घणाता उपाध्यक्ष, अनुज शाह,संदीप आर्य, अजय कंसवाल को संगठन सचिव, उत्तम बिष्ट, दिनेश रावत, रमेश पोखरियाल को सह सचिव बनाया गया है।

### 11 माह के बच्चे की नाक से निकाली जोंक

चमोली। उपजिला चिकित्सालय में तैनात विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 11 माह के बच्चे के नाक से जोंक निकाली। बच्चे के नाक में तीन चार दिनों से लगातार खून बह रहा था जिसके बाद परिजन बच्चे को लेकर कर्णप्रयाग उपजिला अस्पताल पहुंचे थे। आदिबदरी क्षेत्र के 11 माह के अव्यांश के नाक से तीन चार दिन से लगातार खून बहने की शिकायत पर परिजन उसे अस्पताल लेकर आए। अस्पताल में कार्यरत ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अलका नेगी ने बच्चे का परीक्षण किया।

## सड़कों की बदहाली पर पीडब्ल्यूडी के ईई से मिले कांग्रेसी

देहरादून। राजधानी देहरादून की बदहाल सड़कों और जगह–जगह हुए गड्ढों के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया। आक्रोशित कांग्रेसियों ने पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के ईई से मिलकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में मिले कांग्रेसियों ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कें तो खोद दी गई हैं, लेकिन न तो उन पर 'पैच वर्क' हुआ और न ही उन्हें ठीक किया गया। डालनवाला, बलबीर रोड, ईसी रोड और वेलहम स्कूल के आसपास सड़कें महीनों से खुदी पड़ी हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि खुडबुडा, धामावाला, रेसकोर्स और कांवली रोड जैसे आंतरिक मोहल्लों में बुजुर्गों और स्कूली बच्चों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। आर्यनगर और डीएल रोड पर आधी–अधूरी टाइलें बिछाने से वाहन दुर्घटनाग्रस्त



हो रहे हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, वीरेंद्र बिष्ट, सुनील उनियाल, वीरेंद्र चौहान, मुकेश सोनकर, राजेंद्र खन्ना, जहांगीर खान, अशोक शर्मा, सुरेश परचा, सोम वाल्मीकि, नितिन चंचल और दीपा चौहान आदि ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़कों को गड्ढा मुक्त नहीं किया गया, तो वे जनता के साथ उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे व फार्मर रजिस्ट्री का बहिष्कार शुरू

चमोली। डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री को विभागीय कार्मिकों से कराए जाने के विरोध में संबंधित विभागों के कर्मचारियों ने तहसील स्तर पर सांकेतिक धरना दिया। साथ ही कर्मचारियों ने डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री का पूर्ण बहिष्कार भी शुरू कर दिया है। उद्यान, कृषि व राजस्व विभाग की समन्वय समिति की ओर से मंगलवार को जिले में सांकेतिक धरना दिया गया। चमोली, ज्योतिर्मठ, कर्णप्रयाग, थराली, पोखरी, गैरसैंण व नंदानगर तहसील में कार्मिक धरने पर बैठे। समन्वय समिति ने सरकार से इस कार्य के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की मांग की। कहा कि कार्मिकों पर अनावश्यक दबाव और दंडात्मक कार्रवाई को बंद किया जाए। इस दौरान उत्तरकाशी में फार्मा रजिस्ट्री को लेकर कृषि विभाग के कार्मिकों पर की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे अन्यायपूर्ण बताया। कहा कि ऐसी कार्रवाई को तत्काल निरस्त किया जाए। समन्वय समिति के मुख्य संयोजक राज किशोर चंद्रवाल ने कहा कि यदि सरकार जल्द मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती तो 25 मार्च को देहरादून में विशाल आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान समिति के संयोजक हितेश, टीएस बर्त्वाल, सह–संयोजक कुलदीप सजवाण, कुलदीप शाह, दीपक थपलियाल, राहुल नेगी, माघेराम सहित उद्यान, कृषि व राजस्व विभाग के फील्ड कर्मचारी मौजूद रहे।


जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com